Seat No. : _______________

# ME-111(H)

**March-2025**

**M.Com., Sem.-III**

**505-EA : Corporate Financial Reporting**

**Time : 2:30 Hours]** **[Max. Marks : 70**

**(Hindi Version)**

1. कॉर्पोरेट वित्तीय रिपोर्टिंग का अर्थ, कार्यक्षेत्र और उद्देश्य समझाइए । **14**

**अथवा**

1. संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :
   (i) कॉर्पोरेट वित्तीय रिपोर्टिंग के विभिन्न उपयोगकर्ता **7**
   (ii) पारदर्शी वित्तीय रिपोर्टिंग के 7F मॉडल **7**

2. कॉर्पोरेट वित्तीय रिपोर्टिंग के आवश्यक घटकों का विवरण दीजिए । **14**

**अथवा**

2. संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :
   (i) कॉर्पोरेट वित्तीय रिपोर्टिंग के सन्दर्भ में "सत्य एवं उचित दृष्टिकोण" **7**
   (ii) कॉर्पोरेट वित्तीय रिपोर्टिंग के सम्बन्ध में कम्पनी अधिनियम, 2013 की भूमिका **7**

3. भारतीय लेखांकन मानक-10 (Ind AS-10) : "रिपोर्टिंग अवधि के बाद इवेन्ट" का विवरण दीजिए । **14**

**अथवा**

3. निम्न के उत्तर दीजिए :
   (i) भार्गव लिमिटेड की बैलेंस शीट में उसके भवन की कुल वहन राशि ₹ 240 लाख है । भवन का उचित मूल्य ₹ 260 लाख है । वह ₹ 300 लाख के उचित मूल्य की मशीन के लिए इस भवन का विनिमय (एक्सचेंज) करता है और ₹ 30 लाख नकद देता है । प्रबन्धन का मत है कि इस लेनदेन का कम्पनी के उत्पादन और कार्यक्षमता पर महत्वपूर्ण प्रभाव होगा ।

   भारतीय लेखांकन मानक-16 के अनुसार इस नई मशीन की किस कीमत पर खाताबही में दर्ज किया जाता है और उसके लेखांकन व्यवहार के सम्बन्ध में कंपनी को अपने सुझाव दीजिए । **7**
   (ii) संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : "भारतीय लेखांकन मानक-1 के अधीन मुख्य सिद्धान्त". **7**

4. भारतीय लेखांकन मानक-38 (Ind AS-38) : "अमूर्त परिसम्पत्तियाँ" का विवरण दीजिए । **14**

**अथवा**

4. निम्न के उत्तर दीजिए :

(i) राज लिमिटेड की निम्न जानकारी से मूलभूत प्रति अंश आय (EPS) की गणना कीजिए : **7**

| **तारीख** | **लेनदेन** | **अंशों की संख्या** |
|---|---|---|
| 01-04-2023 | समता अंशों का आरम्भिक शेष | 6,00,000 |
| 01-10-2023 | नकद में जारी समता अंश | 2,00,000 |
| 31-12-2023 | समता अंशों की पुनर्खरीद | 1,00,000 |
| 31-03-2024 | समता अंशों का अन्तिम शेष | 7,00,000 |

वित्त वर्ष 2023-24 के लिए कम्पनी का कर पूर्व लाभ ₹ 15,00,000 था । कर की दर 50% है । वित्त वर्ष 2023-24 के लिए कम्पनी द्वारा भुगतान किया गया प्रिफरेन्स शेयर डिविडन्ड ₹ 75,000 था ।

(ii) अमन लिमिटेड ने अपने आन्तरिक उपयोग के लिए ₹ 10,00,000 लागत वाला एक सॉफ्टवेयर खरीदा । देय राशि ₹ 6,00,000 का भुगतान तुरन्त कर दिया और बाकी ₹ 4,00,000 एक वर्ष के समय में चुकाना है । अन्य खर्च निम्न अनुसार हुए : **7**

खरीद कर : ₹ 1,80,000

प्रवेश कर : 12% (कर विभाग द्वारा प्रत्यर्पणीय)

विधिक शुल्क : ₹ 80,000

क्रियान्वयन के लिए परामर्श शुल्क : ₹ 2,00,000

प्रथम वर्ष के लिए 12% पूँजी लागत की छूट दर 0.8929 है ।

भारतीय लेखांकन मानक-38 (Ind AS 38) – अमूर्त परिसम्पत्तियाँ के अधीन प्रारम्भिक संपादन के आधार पर सॉफ्टवेयर की लागत की गणना कीजिए ।

5. सही उत्तर का चयन कीजिए : (कोई **सात**) **14**

(1) निम्न में से कौन भारतीय लेखांकन मानक (Ind AS) "सम्बन्धित पक्ष प्रकटीकरण" से सम्बद्ध है ?

(a) Ind AS-24 (b) Ind AS-10

(c) Ind AS-1 (d) इनमें से कोई नहीं

(2) निम्न में से कौन सा अनिवार्य परिमाणात्मक प्रकटीकरण में शामिल है ?

(a) नकद प्रवाह विवरण (b) निधि प्रवाह विवरण

(c) मूल्य वर्धित विवरण (d) इनमें से कोई नहीं

(3) निम्न में से कौन सा स्वैच्छिक प्रकटीकरण का एक घटक है ?

(a) मानव संसाधन लेखांकन (b) अंकेक्षक की रिपोर्ट

(c) निदेशक की रिपोर्ट (d) इनमें से कोई नहीं

(4) निम्न में से कौन वित्तीय मध्यस्थ नहीं है ?

(a) शैक्षणिक संस्था (b) वाणिज्यिक बैंक

(c) वित्तीय संस्थान (d) इनमें से कोई नहीं

(5) कॉर्पोरेट वित्तीय रिपोर्टिंग के लिए निम्न में से कौन सा नियामक निकाय केन्द्र सरकार के अधीन कार्य करता है ?

(a) ICAI (b) SEBI

(c) ICMAI (d) इनमें से कोई नहीं

(6) निम्न में से कौन सा भारतीय लेखांकन मानक नकद प्रवाह विवरण विहित करता है ?

(a) AS-2 (b) AS-3

(c) AS-4 (d) इनमें से कोई नहीं

(7) निम्न में से किस कम्पनी के लिए Ind AS-1 अनिवार्य नहीं है ?

(a) बड़ी विनिर्माणी कम्पनियाँ

(b) बीमा कम्पनियाँ

(c) प्राकृतिक तैल एवं गैस कम्पनियाँ

(d) इनमें से कोई नहीं

(8) Ind AS-16 के अनुसार संयंत्र, सम्पत्ति और उपकरण से सम्बन्धित प्रत्यक्ष लागत में निम्न शामिल हैं, सिवाय ___________

(a) जगह खरीदना अथवा तैयारी का खर्च

(b) नई सुविधा शुरू करने का खर्च

(c) परीक्षण का खर्च

(d) इनमें से कोई नहीं

(9) पुनर्मूल्यांकन मॉडल के अनुसार, इकाई को अपनी सम्पत्ति, संयंत्र और उपकरण का मूल्य _________ पर दर्शाना चाहिए ।

(a) लागत मूल्य (b) बाजार मूल्य

(c) उचित मूल्य (d) इनमें से कोई नहीं

(10) नीचे उल्लेखित में से कौन सा लेनदेन 'सम्बन्धित पक्ष लेनदेन' की परिभाषा में शामिल नहीं है ?

(a) सेवाओं का अन्तरण (b) संसाधनों का अन्तरण

(c) स्थल का अन्तरण (d) इनमें से कोई नहीं

(11) भारतीय कॉर्पोरेट खाते ________ द्वारा नियंत्रित होते हैं ।

(a) भारतीय कम्पनी अधिनियम

(b) व्यावसायिक निकायों

(c) नियामक निकायों

(d) उपरोक्त सभी

(12) निम्न में से कौन सा अनिवार्य प्रकटीकरण है ?

(a) कम्पनी का नाम

(b) व्यक्ति का नाम जिसके पास अन्तिम नियंत्रण है ।

(c) व्यक्ति का नाम जो वित्तीय विवरण तैयार करता हो ।

(d) उपरोक्त सभी

___________